हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 17 .0 डिग्री से.

10 धुंध से पहले सफेद पट्टियों- चेतावनी संकेतकों...



10 देश और प्रदेश में भाजपा की डबल और ट्रिपल...



खबर संक्षेप

जिला परिवेदना समिति की बैठक 30 को

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि 30 अक्टूबर को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे स्थानीय डीआरडीए के सभागार में जिला परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता खेल, युवा अधिकारिता एवं कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

पराली जलाने पर दो किसानों पर केस दर्ज

जींद। नरवाना इलाके में खेतों में पराली जलाने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर दो किसानों के खिलाफ इन्वायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं। कृषि विभाग को सेटलाइट से लोकेशन मिली थी कि दनौदा कलां निवासी प्रदीप तथा कलौदा खुर्द निवासी सतीश के खेतो में पराली के अवशेष जलाए गए हैं। जब विभाग के अधिकारियो ने निरीक्षण किया तो पराली जलाने के अवशेष मिले। पुलिस ने कृषि अधिकारियों की शिकायत पर सतीश तथा प्रदीप के खिलाफ इन्वायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

78 बोतल अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

जींद। जिला पुलिस की दो टीमों ने अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 78 बोतल अवैध शराब बरामद की है। थाना गढी के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि ने गांव रसीदां निवासी परमजीत को काबू कर उसके कब्जे से 67 बोतल अवैध शराब बरामद की है। वहीं पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने काठ मंडी मे गांव सिवाहा निवासी राममेहर को काबू कर 11 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

अपहरण करने के तीन आरोपित और गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ नरवाना ने दो युवकों का अपहरण करने के तीन ओर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ नरवाना प्रभारी यादवेंद्र सिंह ने बताया कि गत 24 अक्टूबर रात को सूचना मिली थी कि धर्मसिंह कालोनी निवासी अमित तथा उसका दोस्त बृजेश का अपहरण लिया है। बदमाश उनकी गाड़ी को भी अपने साथ ले गए हैं। सूचना के आधार पर सीआइए स्टाफ नरवाना तथा शहर थाना पुलिस ने बदमाशों को काबू किया। जिसके बाद पुलिस ने कारवाई करते अमित तथा उसके दोस्त बृजेश को सुरक्षित बरामद कर तीन अपहरणकर्ताओं को काबू कर लिया था।

बच्चो की कहासुनी में हमला कर किया घायल

जींद। गांव शामदों में बच्चों के बीच कहासुनी के चलते हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव अलेवा निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेवात में अध्यापक के पद कार्यरत है। कुछ दिन पहले उसके भतीजे की पड़ोसी के लड़के हर्ष से कहासुनी हो गई थी। जिस पर उसने दोनों को धमका दिया। गत दिवस वह दुकान पर जा रहा था।

सिंसर में दो पक्ष भिड़े, 41 के खिलाफ मामला दर्ज

जींद। गांव सिंसर में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में दो लोग घायल हो गए। झगड़े के दौरान पथराव तथा तोड़फोड़ भी की गई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर 41 लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिंसर निवासी सुखवीर ने शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही सुलतान पक्ष से रजिश चली आ रही है। बीती देर शाम को सुलतान पक्ष के लोगो ने उन पर हमला कर दिया। आरोपितों ने पथराव किया और तथा तेजधार हथियारों का प्रयोग किया।

सुहागिनें आज रखेंगी करवाचौथ व्रत, रात 8:11 बजे होगा चांद का दीदार

पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5:38 से शाम 6:56 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

करवा चौथ का व्रत सुहागन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करती हैं। करवाचौथ का व्रत हर वर्ष महिलाएं कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखती हैं और इस बार करवा चौथ का व्रत वीरवार को है। इस व्रत में भगवान शिव माता पार्वती और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। करवा चौथ पर चंद्रोदय का समय रात आठ बजकर 11 मिनट तक रहेगा। वहीं पूजा करने का शुभ समय सुबह 6 बजकर 31 मिनट से आठ बजकर 17 मिनट तक व शाम के समय करवा चौथ की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 38 मिनट से शाम 6 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। बुधवार को भी बाजार में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। मेहंदी लगाने वालों के यहां लाइनें लगी हुई थी। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ का व्रत सभी व्रतों में कठिन माना गया है। करवा चौथ का व्रत निर्जला व्रत की श्रेणी में आता है। इस दिन सुहागिन स्त्रियां पूरे दिन अन्न और जल का त्याग कर शाम को 16 श्रृंगार करने के बाद, विधि-विधान के साथ भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिक की पूजा करती हैं। मान्यता है कि करवा चौथ का व्रत रखने से दांपत्य जीवन में खुशियां आती हैं। सुहागिन स्त्रियां, करवा चौथ का व्रत रखकर, अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। करवा चौथ का व्रत रात्रि में चंद्रमा के निकलने के बाद ही तोड़ा जाता है। इस दौरान चंद्रमा को जल चढ़ाया जाता है। करवा चौथ के पूजन के दौरान स्त्रियां छलनी से पति का चेहरा देखकर, पति के हाथ से भोजन ग्रहण करती हैं। त्योहारी सीजन को लेकर बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं। इस समय बाजार में अच्छी भीड़ उमड़ रही है। तांगा चौंक, पंजाबी बाजार, गांधी गली, मेन बाजार, पालिका बाजार, बैंक रोड, कपड़ा मार्केट में लोग खरीदारी के लिए पहुंचने शुरू हो जाते हैं। गोहाना रोड, रानी तालाब, मुख्य बाजार, सफीदों रोड, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, पटियाला चौंक हर जगह अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।



जींद। बाजार में मेहंदी लगवाती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

शहर के चारों तरफ लगाए नाके

मुख्य बाजार में महिलाओं की ज्यादा आवाजाही व भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। शहर के जाने वाले रास्ते रानी तालाब की तरफ से, फव्वारा चौक की तरफ से, झांझ गेट की तरफ से, शहर थाना पुलिस के निकट से पुलिस ने बेरीगेट्स लगा दिए हैं। इसके अलावा पुलिसकर्मी लगातार बाजार में गश्त कर रहे हैं।

करवाचौथ पर्व प्रेम का प्रतीक

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ व्रत केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि एक पत्नी का अपने पति के प्रति समर्पण और प्रेम का प्रतीक है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखमय दांपत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन कुंवारी कन्याएं भी अच्छा वर पाने के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। क्योंकि हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह एक निर्जला व्रत है। इस व्रत में महिलाएं अन्न एवं जल ग्रहण नहीं कर सकती। करवा चौथ का व्रत रात्रि में चंद्रमा के निकलने के बाद ही तोड़ा जाता है। इस दौरान चंद्रमा को जल चढ़ाया जाता है।

कृषि मंत्री की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

अवैध रूप से पाइप डालने पर लगाई एक्सईएन और एसडीओ को फटकार

शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव सांच निवासी विनोद कुमार के खेत की ओर सड़क काटकर अवैध रूप से पानी की निकासी के लिए पाइप डालने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया और डीसी अपराजिता को एक्सईएन व एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। साथ ही पाइप लाइन को उखाड़ने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा दो अन्य मामलों में एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके। कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादियों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कुल 11 शिकायतों की सुनवाई की। गांव भागल की रामबतेरी की अपने लड़के की मृत्यु होने उपरांत योजना के तहत डाकिए द्वारा पूरी मुआवजा राशि न मिलने की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि अब पूरी राशि मिल गई है। जिस पर मंत्री ने शिकायत का निपटान कर दिया। इसी प्रकार उर्मिला देवी व पम्मी देवी व सेक्टर 21 निवासी नरेंद्र कुमार के प्लाट के फर्जी कागजात बनवाकर अन्य लोगों को बेचने और डराने धमकाने के मामले में मंत्री ने एसपी को जल्द जांच पूरी करने के निर्देश दिए और मामले को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। गांव टयोंठा निवासी हैंडबाल खिलाड़ी संदीप कुमार स्टेट में गोल्ड और नेशनल में भाग लेने के बावजूद खेल विभाग द्वारा खेल ग्रेडेशन में देरी की शिकायत की थी। जिस पर मंत्री जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे आज ही अंबाला जाएं और इस मामले का समाधान करवाएं। इसकी रिपोर्ट शाम तक उपायुक्त को प्रस्तुत करें। इस मामले को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। गांव मालखेड़ी निवासी प्रेम सिंह ने मंत्री के समक्ष खेत में ट्यूबवेल हेतू बिजली कनेक्शन शिफ्ट करने की शिकायत की थी, जिस पर मंत्री ने कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार बिजली कनेक्शन जल्द शिफ्ट करवाने के निर्देश दिए। मामले को अगली बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। गांव भाणा निवासी राजपाल ने शिकायत की थी कि गैस एजेंसी पाई द्वारा कनेक्शन ट्रांसफर करने की शिकायत की थी, जिस पर मंत्री के निर्देशानुसार एजेंसी द्वारा उनका गैस कनेक्शन ट्रांसफर कर दिया गया। इस समस्या का समाधान कर दिया । चौधरी मोहल्ला निवासी जनसेवक प्रेम ने नकली पनीर बनाने से संबंधित शिकायत की थी, जिस पर मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि इस पर कार्रवाई चल रही है। मंत्री ने अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव अगौंध निवासी हुकम सिंह ने राईस मिल में धान बेचने में लेनदेन के मामले में पार्टनर वेदप्रकाश के खिलाफ शिकायत की थी। बैठक में जानकारी दी गई कि यह मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। मंत्री ने कहा कि इस मामले को लंबित रखा जाए, जब तक माननीय न्यायालय से कोई फैसला न आए।



कैथल। मंत्री श्याम सिंह राणा जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक लेते हुए।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, सांसद नवीन जिंदल प्रतिनिधि रविंद्र धीमान, जिला प्रशासन से डीसी अपराजिता, एसपी मनप्रीत सिंह सूद्दन, एडीसी डॉ. सुशील कुमार, एसडीएम कैथल संजय कुमार, एसडीएम गुहला मनीष यादव, सीटीएम कैप्टन परमेश आदि मौजूद रहे।

डीएसपी को जांच के निर्देश

इसी प्रकार से गांव सांघन निवासी रणधीर सिंह ने जमीनी विवाद में सरपंच व एसईपीओ के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत की थी, जिस पर मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव पाई निवासी मंगत राम ने गैस एजेंसी पाई के संचालक के खिलाफ शिकायत की थी, जिस पर मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त व डीएसपी से मामले की जांच करने के निर्देश दिए। मामलों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया।



जींद। शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन व मृतक का फाइल फोटो।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से दोपहिया वाहन सवार की मौत

भांजे का हालचाल जानने जा रहा था

- शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कंडेला के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना के वार्ड नंबर 11 निवासी राजकुमार (52) बाइक पर सवार होकर कैथल की तरफ जा रहा था। गांव कंडेला के निकट तेजरफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस तथा मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे विशाल ने पुलिस को बताया कि उसका पिता राजकुमार पींजीआई रोहतक में स्वीपर के पद पर कार्यरत था। उसका पिता गत दिवस दोपहर बाद बाइक पर सवार होकर उसकी बुआ के बीमार बेटे का हालचाल जानने के लिए गांव बुटाना कैथल जा रहा था। रास्ते में गांव कंडेला के पास हादसा हो गया। सदर थाना पुलिस ने विशाल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

संदिग्ध नशा तस्करों के घर जांचे

- पुलिस का अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

फतेहपुर पूंडरी में संदिग्ध नशा तस्करों ठिकानो पर डीएसपी सुशील प्रकाश के नेतृत्व में एसएचओ पूंडरी पीएसआई सुनील कुमार, एसडीयु इंचार्ज पीएसआई संदीप कुमार की टीमों के साथ स्नीफर डॉग की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 100 पुलिस कर्मचारियों ने संदिग्ध नशा तस्करों के करीब 10 घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। कहा कि अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, पुलिस का उद्देश्य कैथल को नशा मुक्त बनाना है। जिला पुलिस द्वारा वर्ष 2026 दौरान अब तक 189 मामलो में 302 नशा तस्करों को पकड़ा जा चुका है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

खफा दामाद ने दादी सास को पीटा, हवाई फायर

दंपति विवाद के चलते अपने मासूम बेटे को जबरन ले जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव निडानी में मासूम बेटे को लेने पहुंचे दामाद ने अपनी दादी सास के साथ मारपीट की और अपने पास मौजूद असलहा से हवाई फायर किए। सदर थाना पुलिस ने घायल दादी सास की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मारपीट करने, दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निडानी निवासी केला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पौती गांव सिवाहा निवासी साहिल के साथ चार साल से विवाहित है। जिनका तीन साल का बेटा भी है। उसकी पौती पति के साथ अनबन के चलते बेटे के साथ पिछले तीन माह से उनके पास गांव निडानी में रह रही है। मामला अदालत में विचाराधीन है। गत दिवस साहिल उनके घर आया और दादा ससुर सतबीर के साथ गाली गलौज की। घटना के दौरान वह अपने दोहते को लेकर पड़ोसी के मकान के बाहर बैठी हुई थी। आरोपित साहिल उसके पास आया और उसके दोहते को छीनने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। आरोपित ने अपने पास मौजूद असलहा से हवाई फायरिंग की। गोली चलने की आवाज सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को इक्कठा होता देख आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गया। चोटों के चलते परिजनों ने उसे अस्पताल में भरती करवाया।

मामले की जांच जारी

सदर थाना पुलिस ने केला देवी की शिकायत पर आरोपित साहिल के खिलाफ मारपीट करने, दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि महिला ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

नरवाना के कार्य निरीक्षक को बस सेवा का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

नरवाना-पानीपत और पानीपत-टोहाना के बीच बस प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना-पानीपत और पानीपत-टोहाना के बीच बस सेवा शुरू करने की मांग पर रोडवेज ने कार्रवाई करते हुए बस का संचालन शुरू करवा दिया है। इस संबंध में नरवाना निवासी अर्जुन ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बस सेवा शुरू किए जाने को लेकर गलत सूचना दिए जाने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद हरियाणा राज्य परिवहनए जींद कार्यालय ने मामले में आवश्यक कार्रवाई की। हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक कार्यालय की ओर से महानिदेशक, राज्य परिवहन, हरियाणा को भेजे गए पत्र में बताया गया कि सीएम विंडो पर दर्ज शिकायत संख्या पर कार्रवाई करते हुए बस संचालन के आदेश जारी किए गए हैं। कार्यालय की ओर से 24 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत संबंधित मार्ग पर एक बस चलवाने की व्यवस्था की गई है। आदेश के अनुसार नरवाना-पानीपत और पानीपत-टोहाना मार्ग पर जींद, सफीदों और टोहाना व नरवाना के रास्ते बस का संचालन करवाया जाएगा। इसके लिए नरवाना के कार्य निरीक्षक को बस सेवा का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए जनहित और विभागीय हित में यह कदम उठाया गया है। साथ ही आदेशों की दृढ़ता से पालना करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बस सेवा के शुरू होने से संबंधित मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। हालांकि उपलब्ध दस्तावेज में बस के चलने का समय और फेरों की संख्या का विवरण नहीं दिया गया है।



जींद बस अड्डा परिसर में बैठे यात्री।

बस संचालन के निर्देश

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि उनके पास हरियाणा राज्य महानिदेशक की तरफ से शिकायत आई थी। जिसमें नरवाना से पानीपत और पानीपत से टोहाना मार्ग पर जींद, सफीदों और टोहाना-नरवाना के रास्ते बस का संचालन की शिकायत आई थी। इस पर कार्रवाई करते बस के संचालन बारे निर्देश दे दिए हैं।

तेज आंधी में सोलर प्लांट उखड़ा करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव कसान में गत दिनों आई तेज आंधी के कारण एक किसान के खेत में लगा सोलर प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया। तेज हवा के चलते सोलर प्लांट की चार प्लेटें उखड़कर दूर जा गिरीं और टूट गईं। हादसे में किसान को करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।गांव कसान निवासी किसान रमेश पुत्र मुख्तार सिंह ने बताया कि उसने खेत में लगे बोरवेल को चलाने के लिए 10 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया हुआ है। गत दिनों अचानक आई तेज आंधी के दौरान सोलर प्लांट उखड़ गया और उसकी चार प्लेटें टूट गईं। इससे उसे करीब डेढ़ लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान रमेश ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल की बिजाई का समय चल रहा है और खेतों में सिंचाई की आवश्यकता है। सोलर प्लांट खराब होने के कारण खेत में सिंचाई करने में परेशानी आ रही है। उसने बताया कि आगे गेहूं की फसल तैयार करने के लिए सिंचाई जरूरी है, लेकिन प्लांट खराब होने से उसके सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।किसान ने बताया कि उसने नुकसान के संबंध में संबंधित कंपनी के कर्मचारियों से भी बात की, लेकिन कंपनी की ओर से उसे कोई मदद नहीं मिल रही है।

खबर संक्षेप

एसपी से सांझा किए सेवाकाल के अनुभव

जींद। जींद की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक उपासना का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिले के करीब 25 से 26 पुलिस पेंशनरों ने भाग लिया और अपने सेवाकाल के अनुभव सांझा किए। पुलिस पेंशनरों ने एसपी उपासना को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने सेवा के दौरान मिले अनुभवों और पुलिस विभाग से जुड़े अपने विचारों को भी सांझा किया।

निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना अनिवार्य

जींद। कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने बताया कि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन के तहत जिला के किसानों को प्रमाणित सरसों के बीज वितरित करने के लिए वैल्यू चैन पार्टनर एवं किसान उत्पादक संगठनों का चयन किया जाना है। इसके लिए जिला कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार संस्थाओं का चयन किया जाएगा। उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अनुसार चयन के लिए इच्छुक संस्थाओं को निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है।

सांख्यिकी कार्यालय के सर्वेक्षणों में सहयोग दें

जींद। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) करनाल की सहायक निदेशक श्रेया अग्रवाल ने बताया कि द्वारा अक्टूबर माह के दौरान जिला में विभिन्न महत्वपूर्ण श्रम बल सर्वेक्षण, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश, कृषक परिवारों की स्थिति का आंकलन, उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण, असंगठित सेवा उद्यमों वार्षिक सर्वेक्षणएनियमित सेवा क्षेत्र के उदमों का वार्षिक सर्वेक्षण संचालित किए जाएंगे।

दूसरों के विचारों का सम्मान करना चाहिए

उचाना। प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर उचाना के पुजारी भारतेन्दु शांडिल्य ने कहा कि स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरे को तुच्छ समझकर उसकी अभिव्यक्ति को छीन लेना भी हिंसा का ही एक रूप है। अहिंसा का अर्थ केवल किसी के प्राणों की रक्षा करना नहीं, बल्कि उसके प्रण, सिद्धांतों और विचारों का सम्मान करना भी है। समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को दूसरों के विचारों को सुनने और उनका सम्मान करने की भावना विकसित करनी चाहिए। व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार कर्म करने का अधिकार मिले या न मिले, लेकिन उसे अपनी इच्छा और विचारों को व्यक्त करने का अधिकार अवश्य होना चाहिए।

हरियाणा दिवस पर होगा खेल उत्सव

उचाना। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना की ओर से हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए खेल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रधान नरेंद्र वत्स की अध्यक्षता में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत होने वाले इस आयोजन में उचाना यूनियन के अंतर्गत आने वाले सभी निजी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे।
प्रेस प्रवक्ता राकेश पालवां ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी खेल उत्सव उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा।

छात्राओं ने नाटक से नशे पर किया कटाक्ष

जींद। राजकीय महिला कालेज में एंटी ड्रग सेल के तहत नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का विषय एंटी ड्रग ही रहा। छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रणधीर सिंह ने की। प्राचार्य ने छात्राओं को भी प्रेरित किया और कहा कि नशा न केवल शरीर पर बल्कि मस्तिक पर भी बुरा प्रभाव डालता है। शरीर भयंकर बीमारियों का शिकार हो जाता है। उन्होंने छात्राओं को ऐसे आयोजन में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए आदेश

धुंध से पहले सफेद पट्टियों-चेतावनी संकेतकों को दुरुस्त करने के निर्देश

हादसों की वजह तलाशेगा प्रशासन, अवैध कट होंगे बंद, सड़क के गड्ढे भरेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अब केवल हादसों के बाद कार्रवाई करने के बजाय उनके वास्तविक कारणों की पहचान कर स्थायी समाधान करने पर जोर दिया जाएगा। गंभीर और जानलेवा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करना होगा। राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर बने अवैध कट बंद करवाए जाएंगे। प्रमुख चौराहों पर लगे निगरानी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाएगी और सड़कों पर गड्ढों से लेकर जल निकासी व्यवस्था तक की खामियों को दूर किया जाएगा। सर्दियों में धुंध के कारण दृश्यता कम होने की आशंका को देखते हुए सड़क सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध भी समय रहते पूरे करने होंगे। बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ये निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओंए विशेषकर गंभीर और जानलेवा हादसों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों और सड़क निर्माण एवं रखरखाव एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। पिछली बैठक के लंबित विषयों की समीक्षा के साथ नए मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रत्येक हादसे के वास्तविक कारणों की पहचान करना जरूरी है। यह पता लगाया जाए कि दुर्घटना के पीछे सड़क की खराब स्थिति, अवैध कटए संकेतकों की कमीए कम दृश्यता या यातायात नियमों की अनदेखी जैसे कौन से कारण जिम्मेदार रहे। कारणों की पहचान के बाद संबंधित विभाग समयबद्ध तरीके से सुधारात्मक कदम उठाएं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य प्रमुख सड़कों पर बने अवैध कटों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार बंद करवाने के निर्देश दिए गए।



जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते डीसी डा. वैशाली शर्मा। फोटो :हरिभूमि

आवश्यक कार्रवाई की जाए

उपायुक्त ने कहा कि सड़क पर अनियोजित कट दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। इसलिए संबंधित एजेंसियां ऐसे स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करें। सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत, जल निकासी नालियों की सफाई और उनके ढक्कनों की समुचित व्यवस्था भी समयबद्ध तरीके से की जाए। सड़क पर दृश्यता प्रभावित करने वाली पेड़ों की टहनियों की छंटाई करवाई जाएए ताकि वाहन चालकों को सड़क और यातायात संकेतक स्पष्ट दिखाई दें। प्रमुख चौराहों पर लगे निगरानी कैमरों की स्थिति जांचकर उन्हें चालू हालत में रखना सुनिश्चित किया जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान और अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाए।

स्थिति की जांच की जाए

सर्दियों में धुंध के दौरान कम दृश्यता सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा देती है। इसे देखते उपायुक्त ने सभी संबंधित एजेंसियों को आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। सड़कों पर सफेद पट्टियां और चमकदार निशान स्पष्ट होने चाहिए। इसके अलावा चमकदार संकेतक, झिलमिलाती चेतावनी बत्तियां और अन्य चेतावनी चिह्न भी उचित स्थानों पर लगाए जाएं तथा उनकी स्थिति की जांच की जाए। वाहन चालकों को भी जागरूक किया जाए कि वे वाहनों पर चमकदार पट्टियां लगवाएं और धुंध के दौरान सावधानी से वाहन चलाएं। कम दृश्यता की स्थिति में गति नियंत्रित रखना और सड़क पर पर्याप्त दूरी बनाए रखना दुर्घटनाओं का जोखिम कम करने में सहायक होता है। छात्रों की सुरक्षित आवाजाही को ध्यान में रखते स्कूल बसों की नियमित जांच करने को भी कहा गया। बैठक में एएसपी अमित भाटिया, एसडीएम सुमन यादव, नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह सहित संबंधित विभागों व सड़क एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



जींद। ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते स्वास्थ्यकर्मी।

बेटियां ईश्वर का सबसे सुंदर उपहार : कविता रानी

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ईंटल कलां गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लिंग अनुपात सुधारने बारे, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया और पीएनडीटी एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है, ऐसा कभी नही करना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म है। जिसमें दोषी पाए जाने पर सजा व जुर्माने का प्रावधान है। यदि बेटियां ही नहीं होंगी तो बहुएं कहां से आएंगी। एक बेटी दो घरों की शान होती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा एउच्च शिक्षा भ्रूण हत्या को रोकना और लिंग अनुपात संतुलित करना है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर आगे बढऩे का मौका देना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन कर प्रतिष्ठित जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बन कर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है।

बेटियों ने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया

■ करवा चौथ पर मेहंदी उत्सव में सजे महिलाओं के हाथ

जींद। करवा चौथ के त्योहार पर महिलाओं के हाथों पर सजी आकर्षक मेहंदी और बेटियों की कलाकारी ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद ने हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय में दो दिवसीय मेहंदी उत्सव आयोजित किया। इसमें सैकड़ों महिलाओं ने मेहंदी लगवाई। पारंपरिक डिजाइनों से लेकर आधुनिक आकृतियों तकए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियों ने अपनी रचनात्मकता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि मेहंदी लगाने की जिम्मेदारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियों ने संभाली। कार्यक्रम में नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी मुख्य अतिथि और अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला के नेतृत्व में किया गया। मुख्यअतिथि डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना समय की जरूरत है। मेहंदी उत्सव जैसी पहल उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देती है। विशिष्ट अतिथि डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि करवा चौथ मेहंदी उत्सव ने त्योहार की परंपराओं और खुशियों को कौशल विकास तथा महिला सशक्तिकरण से जोड़ने का काम किया है। आयोजन से महिलाओं को मेहंदी लगवाने का अवसर मिलाए वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने और उसे रोजगार से जोडऩे का अनुभव मिला।



मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी भारतीय संस्कृति और संस्कारों के खिलाफ : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित टिप्पणी पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कहा कि भारत के जीवन मूल्य, परंपराएं, संस्कृति और संस्कार हमेशा दिवंगत आत्मा के सम्मान की सीख देते हैं। भारतीय संस्कृति में किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसके प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाता, यहां तक कि दुश्मन के लिए भी ऐसी भाषा का प्रयोग करना परंपराओं के खिलाफ माना जाता है। अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता के बारे में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों, परंपराओं, मर्यादा और शालीनता के पूरी तरह खिलाफ है। आरोप लगाया कि लगातार चुनावी हार से कांग्रेस नेता बौखलाहट में मर्यादा भूल रहे हैं और यह भी ध्यान नहीं रहता कि वे क्या बोल रहे हैं। कांग्रेस नेताओं की इस तरह की बयानबाजी पार्टी की कार्यशैली और राजनीतिक संस्कृति पर सवाल खड़े करती है।



उचाना। कार्यकर्ताओं के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि



जींद। निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत करते एडीसी प्रदीप कुमार।

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें : एडीसी

जींद। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने बुधवार को पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलेवा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों को दी जा रही शिक्षा तथा स्कूल परिसर की साफ.-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने छात्र व छात्राओं से सवाल-जवाब कर उनकी शैक्षणिक जानकारी को परखा और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। एडीसी प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पूरी मेहनतए लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करें तथा अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं और प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने स्कूल स्टाफ को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का जिला उपाध्यक्ष गौरव भारद्वाज के निवास स्थान पर भव्य स्वागत

देश और प्रदेश में भाजपा की डबल और ट्रिपल इंजन की सरकारों ने विकास के नए आयाम स्थापित किए : बड़ौली

■ मोहनलाल बड़ौली ने कार्यक्रम में भारी तादाद में पहुंचे सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली आज जींद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पार्टी के कर्मठ युवा नेता गौरव भारद्वाज के निवास स्थान पर एक भव्य स्वागत समारोह में पहुंचे. इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं, आमजन व विभिन्न जातिगत संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत सत्कार किया. कार्यक्रम में हरियाणा लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य डॉक्टर वंदना शर्मा भी मुख्य रूप से पहुंची। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी, जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, वंदना शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन बबलू गोयल, पुष्पा तायल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भव्य स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते मोहनलाल बड़ौली ने कार्यक्रम में भारी तादाद में पहुंचे सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया और कहा की आज देश और प्रदेश में भाजपा की डबल और ट्रिपल इंजन की सरकारों ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा चूहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। मोहनलाल बड़ौली ने भाजपा नेता गौरव भारद्वाज की भी तारीफ करते कहा कि उनका मिलनसार और समय व्यवहार पार्टी में उनके सभी कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ाव को लगातार बने हुए हैं और आज भारी तादाद में पहुंचे कार्यकर्ताओं व विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने यह दिखा दिया है कि गौरव भारद्वाज के साथ उनका कितना लगाओ और जुड़ाव है।



डॉ. वंदना गुप्ता का स्वागत करते।

सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख रहे

कार्यक्रम में भाजपा जिला की सभी विधानसभाओ से कार्यकर्ताओं के अलावा ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जिनमें जींद, नरवाना, उचाना, सफीदों, जुलाना ब्राह्मण सभाओं के पदाधिकारी व इसके इलावा जाट समाज की संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारी, सेन समाज के पदाधिकारी, नायक समाज व धानक समाज के साथ अन्य समाजों व सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और बड़ौली का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

खबर संक्षेप

मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा अव्वल, तमन्ना द्वितीय



उचाना। स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। अध्यक्षता बीएड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह ने की। प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह ने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमारी मर्यादाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को दर्शाता है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुडऩे का अवसर मिलता है। साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देने में भी ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय तथा अंजू/मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को संस्था के निदेशक विनोद कुमार वशिष्ठ एवं प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल में मनाया करवाचौथ पर्व



उचाना। शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया । कार्यक्रम में अध्यापिकाओं और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार ने नारी के त्याग, समर्पण और समाज में उसके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को विशेष सम्मान दिया गया है। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं और संस्कारों से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चेयरमैन राजबीर सिंह, चेयरमैन कुलदीप बिढ़ान ने सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गर्भवती व बच्चों को टीकाकरण के लिए किया प्रेरित



जींद। नगूरां पीएचसी के अधीन विभिन्न स्वास्थ्य कें द्र नगूरां, दिल्लूवाला, हसनपुर, दालमवाला में बच्चों को जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण के लिए बच्चों के अभिभावकों को शपथ दिलाई । कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को बीमारी के प्रति जागरूक करते कहा कि बच्चों में नियमित टीकाकरण कई गंभीर, जानलेवा और अपंग बनाने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी तरीका है। टीकाकरण से बच्चों को पोलियो, खसरा, काली खांसी, टेटनस, हैपेटाइटस बी और दिमागी बुखार जैसी 12 से अधिक बीमारियों से बचाव होता है। इसके अलावा टीकाकरण से बच्चे के शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढती है। जब समाज के अधिकतर बच्चों का टीकाकरण हो जाता है तो सामूहिक सुरक्षा मिलती है। इससे उन बच्चों को भी सुरक्षा मिलती है, जो किसी कारणवश टीका नही लगवा सके। इसके अलावा टीकाकरण से बीमारियों के ईलाज में होने वाले भारी भरकम, मेडिकल खर्च और मानसिक तनाव में कमी आती है। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में टीकाकरण किया जाता है।

बीपीटी में तनीषा ने हासिल किया 13वां रैंक



जींद। महाराजा अग्रसेन गल्र्स सीनियर सेकेंडरी स्कूलए जींद की छात्रा तनीषा ने बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बीपीटी) पाठ्यक्रम की चयन प्रक्रिया में 13वां रैंक हासिल कर शानदार उपलब्धि प्राप्त की है। तनीषा का चयन रोहतक स्थित पीजीआईएमएस में हुआ है। उसकी इस सफलता से विद्यालय और परिवार में खुशी की लहर है। तनीषा पुत्री देवेंद्र शर्मा ने अपनी मेहनतए लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उसकी उपलब्धि ने न केवल परिवारए बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया है। तनीषा की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और यह संदेश देती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय के प्रधान महावीर गुप्ता ने तनीषा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या रीटा अरोड़ा और विद्यालय परिवार ने भी तनीषा तथा उसके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैपियनशिप में चेतन ने पाया दूसरा स्थान



जींद। डीएन मॉडल स्कूल के खिलाड़ी चेतन ने उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित वंदना कटारिया स्टेडियम रोशनाबाद में 24 से 26 अक्टूबर तक 19वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। उपलब्धि के साथ ही चेतन का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच चेतन ने अपनी प्रतिभा, तकनीक, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने चेतन की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढऩे और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने चेतन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने चेतन को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

जीवन में सकारात्मक सोच-आपसी सम्मान का विशेष महत्व

उचाना। लितानी रोड स्थित हनुमान मंदिर धर्मशाला में मासिक हवन एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया । इसमें उचाना के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक अभय राम ने अपनी धर्मपत्नी अनीता शर्मा के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर सुख-समृद्धि और समाज में सद्भावना की कामना की। मा. रामप्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन संस्कारशाला का रूप ले रहे हैं, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को एक साथ बैठने, अपने विचार रखने और दूसरों के विचारों को सुनने का अवसर मिलता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है। ऐसे में कई बार व्यक्ति अपने विचारों को ही सर्वोत्तम मानने लगता है और दूसरों के विचारों को स्वीकार करने की सहनशीलता खो देता है। कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच और आपसी सम्मान का विशेष महत्व है। हमें दूसरों के प्रति नफरत रखने के बजाय सम्मान और सद्भावना की भावना अपनानी चाहिए। सामाजिक कार्यक्रम लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने और समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उचाना में आयोजित होने वाला यह सद्भावना यज्ञ सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल बनता जा रहा है।

पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना उद्देश्यः पूनम



जींद। हिंदू कन्या कालेज में पुस्तकालय विभाग तथा मेंटल हेल्थ एंड सेफगार्ड कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में श्मानसिक वास्थ्य में पुस्तकों की अहम भूमिका विषय पर एक पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। पुस्तक मेले में अद्वैत बोध केंद्र हिसार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक और दर्शनशास्त्र से जुड़ी विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का साधन ही नही बल्कि कठिन परिस्थितियों में मनुष्य की सबसे अच्छी मार्गदर्शक और सच्ची मित्र होती हैं। पुस्तकों का अध्ययन मानसिक तनाव को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। राजकीय कालेज हिसार की सेवानिवृत्त प्रोफेसर सुदक्षिणा बामल ने छात्राओं के साथ मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। संबोधन में बताया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति बनाए रखना बेहद जरूरी है।

खबर संक्षेप

डीएवी कॉलेज पूण्डरी में लगाया रक्तदान शिविर

पूंडरी। डीएवी कॉलेज में आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वैदिक अग्निहोत्र एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत पवित्र यज्ञ के साथ की गई, जिसमें यजमान प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान रहे और यज्ञ ब्रह्मा दीपक आर्य रहे। यज्ञ के अवसर पर निधि मोहन ने पहुंच कर आहुति डाली। शिविर में मुख्य अतिथि हरियाणा हेफेड के पूर्व अध्यक्ष कैलाश भगत व विशिष्ट अतिथि सरपंच लाभ सिंह जांबा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैलाश भगत ने रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है।

दूसरे दिन भी प्रभात फेरी में उमड़ी श्रद्धा

राजौंद। कार्तिक मास को लेकर शिव दुर्गा मंदिर की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरी के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह करीब 5:15 बजे दुर्गा मंदिर से प्रभात फेरी शुरू हुई। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होकर मंदिर परिसर में पहुंचे।प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

दो कैडेटों की राष्ट्रीय स्तर के शिविर में भागीदारी

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के दो एनसीसी कैडेटों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के शिविरों - पिथौरागढ़, उत्तराखंड एवंअगरतला, त्रिपुरा में भाग लिया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान अश्वनी शोरेवाला और प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने दोनों कैडेटों को बधाई दी एवं महाविद्यालय प्रांगण पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय के कैडेटों को इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रघुबीर लांबा और लेफ्टिनेंट डॉ. रितु कांग के प्रयासों की सराहना की।

जाट कॉलेज में टीबी मुक्त अभियान चलाया

कैथल। जाट कॉलेज, कैथल में टीबी मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को इस बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान और उचित उपचार के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के माध्यम से टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज को स्वस्थ बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया गया। जागरूकता अभियान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने और टीबी मुक्त समाज के निर्माण में भूमिका निभाते हैं।

बाल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

कैथल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पट्टी अफगान, कैथल में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, के प्रावधानों के बारे में जागरूक करना तथा उन्हें अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था।

खेत से 20 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी

कैथल। गांव सिरसल में चोर खेत में लगे बिजली निगम के ट्रांसफार्मर से कॉपर की तारें और अन्य सामान चोरी कर ले गए। इससे निगम को करीब 66 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी ने पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। निगम के अनुसार, गांव सिरसल निवासी सोरन सिंह के खेत में कृषि कनेक्शन पर लगा 20 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर 13 अक्टूबर की रात चोरी हुआ।

त्वरित कार्यवाही की बजाए आदेशों की अनदेखी का आरोप

एंटी क्रप्शन ब्यूरो के रडार पर कलायत नगर पालिका

पिछले डेढ़ वर्ष से निरंतर पार्षदों व आम लोगों द्वारा उजागर किए जा रहे गोलमाल के मामले

- डीमएसी कार्यालय पर कामकाज की समुचित रूप से निगरानी न करने क आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत





कलायत। रेलवे रोड साथ लगते क्षेत्र में कच्ची पड़ी गलियां व कलायत नगर पालिका में जंग की भेंट चढ़ा लाखों रुपये बजट का ट्रैक्टर। फोटो : हरिभूमि

कैथल के साथ-साथ कलायत नगर पालिका भी भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर एंटी क्रप्शन ब्यूरो के रडार पर है। इसकी वजह गोलमाल के मामलों का निरंतर उजागर होना है। इसमें सरकारी खजाने से विकास के नाम पर खर्च करोड़ों रुपये की राशि, खरीदे गए संसाधन, सात पार्कों के टेंडर की आड़ में फर्जीवाड़ा, शहर की कच्ची गलियों को पक्का करने की बजाए पालिका कार्यालय सौंदर्यीकरण पर पानी की तरह पैसा बहाने, प्रभावित क्षेत्रों की दर किनार कर नेशनल हाईवे पर पहले से निर्मित नालों के बावजूद भी 3 करोड़ के बजट से दोबारा से नाला निर्माण टेंडर, कर्मियों की फरलोबाजी व कुछ दूसरे मामलों की शिकायतें अलग-अलग पटलों पर लंबित मामले शमिल हैं। इस प्रकार के गंभीर विषयों पर त्वरित कार्यवाही की बजाए जिला नगर आयुक्त कार्यालय भी शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के आदेशों की अनदेखी के आरोपों के घेरे में है। पिछले करीब डेढ़ वर्ष से क्रमवार इस प्रकार की धांधली के मामले अधिकांश पार्षदों द्वारा उजागर किए जा चुके हैं। इस कड़ी में कलायत नगर पालिका में लाखों रुपये की कीमत से खरीदे गए ट्रैक्टर की स्थिति सरकारी संसाधनों के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिस मशीन का इस्तेमाल शहर की सफाई व्यवस्था और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने में होना चाहिए। यदि वही जंग और कचरे के बीच खड़ी दिखाई दे तो जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जबकि नगर पालिका द्वारा संसाधनों की सुध लेने की बजाए आनन-फानन में नए ट्रैक्टर-ट्राली, टैंकर, जनरेटर सेट व कुछ दूसरे उपकरण खरीद लिए जाते हैं। कलायत में गलियों के निर्माण पर खर्च होने वाले बजट और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर निम्न दर्जे की निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के आरोप सामने आने के बीच गलियों की वास्तविक स्थिति की जांच की मांग महत्वपूर्ण हो गई है। जिन गलियों के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं वहां बरसात की हल्की बूंदों के बाद ही पैदल चलना मुश्किल क्यों हो जाता है? वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के पास निर्मित बड़े बजट की मुख्य गली इसका प्रमाण है। जबकि इस प्रकार की गलियों की सूची और भी लंबी है।यदि निर्माण के कुछ समय बाद ही परेशानी सामने आने लगे तो संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करना आवश्यक है। साफ बात है कि गलियों, नालियों और अन्य विकास कार्यों पर खर्च होने वाली राशि का लाभ तभी मिलेगा जब निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हों।

एजेंसियों को हलके में लेता रहा डीएमसी कार्यालय

कलायत नगर पालिका के अधीन आने वाले सात पार्कों की सुरक्षा के लिए पूर्व में जारी किए गए करीब 29 लाख रुपए के टेंडर कार्य में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते आए हैं। इस मामले में एडीसी की जांच व एसडीएम की निरीक्षण रिपोर्ट पूरी स्थिति को साफ कर चुकी है। खास बात यह है कि वार्ड नंबर 6 पार्षद प्रदीप राणा की शिकायत पर हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने मामले में जिला नगर आयुक्त कैथल से रिपोर्ट और टिप्पणी मांगी थी। विभागीय पत्र के अनुसार निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों ने भी इस मामले में डीएमसी कार्यालय की जवाबदेही के लिए कार्यवाही आगे बढ़ाई। इस संबंध में दी गई शिकायत में आरोप है कि पार्कों की सुरक्षा के नाम पर नगर पालिका को वित्तीय नुकसान पहुंचाते हुए ऐसे भुगतान किए गए जिनके एवज में निर्धारित संख्या में सुरक्षा गार्ड मौके पर तैनात नहीं थे। प्राप्त जानकारी अनुसार एजेंसी को 22 जुलाई 2025 से 22 जुलाई 2026 तक नगर के सात पार्कों की सुरक्षा का कार्य दिया गया था।

गंभीरता से ली जा रही शिकायतें

एंटी क्रप्शन ब्यूरो निरीक्षक सूबे सिंह सैनी ने बताया कि कलायत व जिला भर से शहरी स्थानीय निकाय विभाग के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर जो शिकायतें मिल रही हैं उनको गंभीरता से लिया जा रहा है। किसी भी सूरत में भ्रष्टाचार को नहीं पनपने दिया जाएगा। यदि कोई सरकारी कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार करता है तो इसकी शिकायत विभाग को करें।



अपने पोस्टरों को दिखाती छात्राएं

छात्र अंतिम ने बनाया सबसे सुंदर पोस्टर, ज्योति द्वितीय

- "नशा मुक्त भारत" विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा "नशा मुक्त भारत" विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना, नशाखोरी की बुराइयों से समाज को मुक्त करने की भावना जागृत करना तथा रचनात्मक माध्यम से "नशा मुक्त भारत" अभियान को मजबूती प्रदान करना था। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जाखड ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को केवल कलात्मक अभिव्यक्ति का अवसर ही नहीं देतीं, बल्कि उनमें सामाजिकजिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करती हैं। 'नशा मुक्त भारत' अभियान तभी सफल होगा जब हर युवा इस संदेश को अपने जीवन में उतारेगा और दूसरों तक पहुंचाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

ये रहे विजेता

प्रतियोगिता का संचालन एनएसएस द्वितीय इकाई के स्वयंसेवकों ने बड़ी कुशलता से किया। निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, विषय की स्पष्टता, संदेश की प्रभावशीलता और कलात्मक प्रस्तुति के आधार पर उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का चयन किया तथा विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के पोस्टर मेकिंग में प्रथम –अंतिम, द्वितीय – ज्योति, तृतीय- मन्नू रहे। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम –प्रिंस, द्वितीय दिव्या तथा तृतीय- अंतिम रहे। प्राचार्य डॉ अविनाश पाठक ने आयोजन की प्रशंसा करते कहा कि एनएसएस इकाई द्वारा ऐसी गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं को सक्रिय भागीदार बनाती हैं।

पूंडरी में माय भारत क्विज के जरिए 5000 बच्चों में जगी देशभक्ति की अलख

- सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की पहल है "माय भारत क्विज/"

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। पूंडरी में 'माय भारत क्विज' में भाग लेते विधार्थी।

देश की युवा पीढ़ी के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने और उन्हें भारत के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने का बीड़ा सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाले फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने उठाया है। इसी कड़ी में पुंडरी ब्लॉक के 100 विद्यालयों में 'माय भारत क्विज' की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सांसद नवीन जिन्दल के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हुए इस बड़े आयोजन में पुंडरी ब्लॉक के 5000 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया और शिक्षा विभाग कैथल की इस शानदार पहल की सराहना करते कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को न सिर्फ देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास को करीब से जानने का मौका मिल रहा है, बल्कि उनमें सीखने की ललक भी बढ़ रही है। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा ने कहा कि खंड पुंडरी के सभी चयनित विद्यालयों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कैथल में होगा राज्य स्तरीय कल्चरल फेस्ट

कैथल। शिक्षा विभाग की ओर से कैथल में 17 से 19 नवंबर तक 3 दिवसीय राज्य स्तरीय कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ढांड रोड स्थित आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में होगी। इस फेस्ट में प्रदेशभर के करीब 2 हजार विद्यार्थी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तर पर अव्वल रहे छात्र इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस कल्चरल फेस्ट में सोलो डांस, ग्रुप डांस और सिंगिंग प्रतियोगिताएं की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी अपनी कला, हुनर और मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तर पर पहुंचे विद्यार्थियों के बीच विभिन्न विधाओं में मुकाबला होगा।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में दीपावली मेले का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यअतिथि व कॉलेज स्टॉफ।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज, में होम साइंस विभाग, महिला प्रकोष्ठ एवं रिचुअल सेल के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह, सरपंच बाकल एवं प्रधान, सरपंच एसो पुंडरी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। दीपावली मेले के आयोजन में संयोजक के रूप में डॉ. निधि, डॉ. वंदना एवं डॉ. पुष्पा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, आयोजन समिति के सदस्यों में डॉ. प्रेमलता, डॉ. अनु, डॉ. सोनिया दहिया, सुशीला एवं सुमित शामिल रहे। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने दीपावली मेले एवं मेहंदी प्रतियोगिता की तैयारियों से लेकर प्रदर्शनी तक की सराहना की। कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं की रचनात्मकता, प्रतिभा व व्यावहारिक कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को नए अवसर प्रदान करते हैं तथा उन्हें भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं।

समूह नृत्य, कार्ड बनाना, दीया व कैंडल सजाओ प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



कैथल। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने कहा कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में बाल भवन में बाल दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अध्यापकगण, अभिभावक व बच्चों का स्वागत किया गया। बुधवार को समूह नृत्य, कार्ड बनाना, दीया व कैंडल सजाना आयोजित करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जोनल स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। इन सभी प्रतियोगिताओं में जिले के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में लगभग 450 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को बाल भवन में पुरस्कृत किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका नरेश कुमार, बीरबल, अंजली राठी, लव शर्मा द्वारा निभाई गई।

सजना है सजना के लिए...करवा चौथ पर्व को लेकर सजे बाजार, जमकर खरीदारी

- ब्यूटी पार्लर और मेहंदी लगवाने के लिए लगी महिलाओं की कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। करवा चौथ के पर्व को लेकर मेहंदी लगवाती महिलाएं।

रविवार को मनाए जाने वाले सुहागिनों का पर्व कहे जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। खरीदारी को लेकर बाजारों में महिलाओं की भीड उमड़ रही है। महिलाएं सूट साड़ी शृंगार सोना व चांदी के जेवरात को खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रही है। शहर के सराफा बाजार रेलवे गेट बाजार मेन बाजार तलाई बाजार में दुकानों पर महिलाएं खरीदारी करते हुए नजर आ रही हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए भी बुकिंग करवा रही हैं। बाजारों में करवा चौथ पर्व पर चांदी का करवा व मंगलसूत्र महिलाओं के लिए पहली पसंद बने हैं, जिन्हें सुहाग की निशानी माना जाता है। महिलाओं के लिए यह पर्व बेहद खास होता है, जिसका वे बेसब्री से इंतजार करती है। पर्व को लेकर कई दिनों पहले ही तैयारी शुरू कर दी जाती है। यहां तक कि पर्व के दिन महिलाएं सिर से लेकर पांव तक महिला 16 श्रृंगार करती हैं, जिसमें बिंदी, सिंदूर, काजल, झुमके, मेंहदी, मंगलसूत्र, नत्थ, अंगूठी, कमरबंद, चूड़ियां, बाजूबंद, गजरा, मांग टीका, पायल, बिछिया और सूट आते है।

मणिपुर के इंफाल में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने 7 पदक जीतकर रचा इतिहास

अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय थांग-ता चैंपियनशिप में एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय ने लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय के खिलाडी।

मणिपुर की राजधानी इंफाल में मणिपुर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय थांग-ता चैंपियनशिप में एनआइआइएलएम विवि कैथल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विवि के खिलाड़ियों ने 7 पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय ने थांग-ता खेल में अपनी विशेष पहचान स्थापित की है। विवि के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत का परिचय देते स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। यह उपलब्धि विवि के खेल इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। पदक विजेता खिलाड़ियों के स्वर्ण पदक जीतने वालों में कुलजीत, सक्षम शर्मा, स्वर्ण पदक, रजत पदक विजेता विकास, देनू, कांस्य पदक जीतने वालों में अंकित, अनुज, गौतम शामिल हैं।

खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की अहम भूमिका

इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ विश्वविद्यालय के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खेल निदेशक मीनू राणा, टीम प्रशिक्षक नितेश बागड़ी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनदीप कुमार सहित संबंधित कोच एवं सहयोगी स्टाफ ने खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई।

विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटने पर विजेता खिलाड़ियों का एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह उपलब्धि गर्व और खुशी का विषय है। शैक्षणिक सत्र 2026–27 की शुरुआत में खिलाड़ियों की यह ऐतिहासिक सफलता विश्वविद्यालय के लिए एक शानदार उपहार है।

न्यूज डायरी

गौरव गाथा के लिए दिखाई शहीदों की फिल्म

कैथल। पुलिस विभाग द्वारा पुलिस शहीदी स्मृति दिवस के उपलक्ष में 21 से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी दौरान कार्यालय पुलिस अधीक्षक में एलइडी की मार्फत शहीदों की गौरव गाथा को प्रदर्शित करने के लिए शहीदों की फिल्म दिखाई गई। जिसमें पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों तथा आमजन द्वारा हिस्सा लिया गया। डीएसपी गुहला हरदीप सिंह ने बताया कि देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा के लिए मर मिटने वाले अमर शहीदों से प्रेरणा लेने हेतु कार्यालय पुलिस अधीक्षक में एल.ई.डी. की मार्फत अमर शहीदों की फिल्म दिखाई गई। इस दौरान पुलिस कर्मचारी-अधिकारियों तथा आमजन को फिल्म के माध्यम से जिला कैथल से अपनी जान की बाजी लगाने वाले 6 अमर शहीदों की गौरव गाथा बारे बताया गया। बता दे की 31 मार्च 1989 को डीएसपी राव रणबीर सिंह की गाड़ी पर अंबाला में उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले दौरान उग्रवादियों से मुकाबला करते डीएसपी की गाड़ी के चालक सिपाही रामसिंह निवासी जाजनपुर कर्तव्यपालना की बेदी पर वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

मेहंदी प्रतियोगिता में अंजली ने मारी बाजी

कैथल। डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय कालेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. अविनाश कुमार पाठक के दिशा-निर्देश में आयोजित किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता के कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अविनाश कुमार पाठक ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने छात्राओं को भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को सहेजने तथा अपनी परंपराओं का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता का परिणाम - प्रथम - अंजलि, बीएससी फिजिकल साइंस सेकंड ईयर ,द्वितीय - स्नेहा, बीएससी फिजिकल साइंस थर्ड ईयर ,तृतीय - नैन्सी , बीकॉम थर्ड ईयर और अंशुल बीएससी लाइफ साइंस सेकंड ईयर ,सांत्वना पुरस्कार - मुस्कान ,सोनम, प्रियंका ने प्राप्त किया।

करोड़ा के डेरा बाबा रामनाथ में होगा तीन से 11 कुंडीय महाश्रुद्र यज्ञ व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

कैथल। जिले के ऐतिहासिक गांव करोड़ा स्थित डेरा बाबा रामनाथ में 11 कुंडीय महाश्रुद्र यज्ञ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन तीन से 13 नवंबर तक किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शिव महापुराण कथा, गौ रक्षा वाणी, नगर शोभायात्रा, संत समागम और भंडारे सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। डेरा बाबा रामनाथ के गद्दीनशीन महंत खुशी नाथ ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार, तीन नवंबर को सुबह 8:15 बजे गणपति पूजन एवं नगर देव पूजन के साथ होगा। इसके बाद चार से नौ नवंबर तक प्रतिदिन मूर्ति पूजन, 11 कुंडीय महाश्रुद्र यज्ञ, पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक, शिव महापुराण कथा एवं गौ रक्षा वाणी और आरती के कार्यक्रम होंगे।

निःशुल्क सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र शुरू

कैथल। महिला सशक्तिकरण और समाज कल्याण की दिशा में यूथ वीरांगनाओं ने एक सराहनीय पहल करते सीवान में निःशुल्क सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की है। इस केंद्र का उद्देश्य जिले की ग्रामीण बेटियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन चेयरमैन हेमलता, नगर परिषद वार्ड-10 की ज्योति सैनी और वार्ड-3 की मौसम सैनी ने किया। इस अवसर पर यूथ वीरांगना संगठन की अनेक सदस्य मौजूद रहीं। संगठन की इस पहल से विशेष रूप से उन बेटियों और महिलाओं को लाभ मिलेगा, जो आर्थिक तंगी के कारण दूसरे स्थानों पर जाकर प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर पातीं। अब उन्हें अपने ही जिले में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार अलंकरण समारोह कल

जींद। हिंदी साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले देश-विदेश के 52 साहित्यकारों को जींद में सम्मानित किया जाएगा। हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 30 अक्टूबर को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमीए पंचकूला और विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस समारोह में साहित्यकारों को उनके साहित्यिक अवदान के लिए अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम में 15 साहित्यकारों की पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा और विख्यात कवि काव्यपाठ करेंगे।

दुकान के सामने से बाइक चोरी, केस दर्ज

कैथल। चीका के शक्ति नगर में दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। मामले में चीका थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 5 निवासी चुन्नी लाल ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे उनकी 2012 मॉडल की सीडी डीलक्स बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दयालु योजना को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

कैथल। डीसी अपराजिता बुधवार को लघु सचिवालय में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-2) के संदर्भ में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थीं। बैठक में 20 केस रखे गए, जिनमें से 11 केस स्वीकृत किए गए, जबकि 4 केसों को लंबित व पांच केसों को अस्वीकृत कर दिया गया। इस बैठक में एसडीएम संजय कुमार, सीएमओ रेणू चावला, डीएसओ निर्मल, डीडीपीओ, डीएसपी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि कुत्ते काटने के 9 केस, एक केस बंदर काटने तथा एक मृत्यु होने केस को स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा पशुओं के हमले या काटने की घटनाओं में मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता होने पर आयु वर्ग के अनुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

तीसरे दिन सीटी स्कैन और एक्सरे विभाग का किया निरीक्षण

एनक्वास टीम ने नागरिक अस्पताल में जांची व्यवस्था

टीम स्वास्थ्य मुख्यालय को सौंपेगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में वीरवार को तीसरे दिन भी नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम ने निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट को पूरा किया। टीम ने स्पष्ट किया कि अस्पताल बिल्डिंग के रखरखाव को लेकर किसी तरह की कोई न रखी जाए। इस निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है। टीम द्वारा अपनी तीन दिवसीय रिपोर्ट को स्वास्थ्य मुख्यालय को सौंपेगी। अगर जींद अस्पताल की रैंकिंग सही रहती है तो पुरस्कार मिलना तय है।

एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) टीम का नागरिक अस्पताल का दौरा करने का उद्देश्य अस्पताल की गुणवत्ता और सेवाओं का मूल्यांकन करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह राष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है। इस दौरे का मकसद अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे इमरजेंसी, शिशु वार्ड और अन्य सभी सुविधाओं, स्वच्छता और सेवाओं की जांच करना है।

एनक्वास की टीम निरीक्षण के दौरान सबसे पहले साफ.-सफाई, मरीजों की दी जाने वाली सुविधाएं, अस्पताल को सुचारू रूप चलाने के लिए आवश्यक विभिन्न विभाग की एनसीओ, साइनेज, इंफेक्शन कंट्रोल, रिकार्ड मेंटिनेंस, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का निरीक्षण करती है। इसके अलावा मरीजों के अधिकारों और अंत में प्रदेश सरकार की योजना संबंधी प्रश्न स्टाफ और इलाज के तौर तरीकों के बारे में पूछती है।



जींद। रैंकिंग को लेकर बातचीत करते हुए एनक्वास टीम। फोटो : हरिभूमि

सीटी स्कैन के बाहर लगे बैनर को ध्यान से पढ़ा

टीम ने सीटी स्कैन विभाग के बाहर लगे बैनरों को ध्यान से पढ़ा। इसमें सरकार की योजनाएं, किन-किन मरीजों के लिए सीटी स्कैन फ्री है तथा मरीजों के क्या-क्या अधिकार हैं, सभी कुछ यहां लिखा हुआ था। टीम ने इसमें कुछ सुझाव भी दिए ताकि इनका मरीज अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

एक्सरे विभाग के कर्मचारियों से पूछे सवाल

आजकल एक्सरे विभाग द्वारा एक्सरे फिल्म मरीजों को नहीं दी जाती है। इस पर टीम ने पूछा कि एक्सरे चिकित्सकों तक कैसे पहुंचते हैं। एक्सरे विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि यह सभी कार्य आजकल ऑनलाइन हो रहा है। ई उपचार योजना के माध्यम से चिकित्सक की आइडी पर संबंधित मरीज का रिकार्ड उपलब्ध हो जाता है। इसमें मरीज का एक्सरे भी पहुंच जाता है। इसके अलावा अनेक प्रकार को माध्यम से जिनसे आनलाइन चिकित्सक के पास एक्सरे पहुंच जाता है।

टीम मानकों की करती है जांच

इसमें सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की देखभाल और स्वच्छता जैसे कई पहलुओं की बारीकी से जांच की जाती है। जांच के बादए टीम अस्पताल को मिली खामियों को दूर करने के निर्देश देती है। सफल मूल्यांकन के बाद अस्पताल को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिलता है और केंद्र सरकार से अतिरिक्त अनुदान भी मिल सकता है। नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघूवीर पूनिया ने बताया कि एनक्वास टीम ने तीन दिन तक नागरिक अस्पताल में निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा जो-जो सुझाव दिए गए हैं, उन पर काम किया जाएगा। टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य मुख्यालय को सौंपी जाएगी। टीम रिपोर्ट के आधार पर ही अस्पताल को रैंकिंग मिलेगी।

टीम के सदस्यों ने दिए जरूरी सुझाव

बुधवार को टीम खामियां निकालने की बजाए सुझाव देते नजर आई। टीम ने वार्डों का एक-एक कर दौरा किया। एनक्वास टीम में शामिल रहे डा. दक्षेश कुमार सोलंकी, डा. मानवप्रीत कौर ढिल्लो, डा. मीना मित्तल ने अलग-अलग कमान संभाली। टीम ने नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग का गहनता से निरीक्षण किया और विभाग को सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने के लिए सुझाव दिए। टीम ने एक-एक स्थान पर जाकर बारीकी से निरीक्षण करते हुए एक पूरी सूची बनाई है। इस सूची में सभी प्रकार की खामियां व सुविधाएं लिखी गई हैं।

कांग्रेस के अड़ियल रैवये से व्यापारी वर्ग में नाराजगी : कृष्ण रोहिल्ला

- त्योहारों के सीजन में कांग्रेस की रैली से प्रभावित होगा करोड़ों का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान कृष्ण रोहिल्ला।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान कृष्ण रोहिल्ला ने कहा कि दिल्ली में एक नवंबर को होने वाली कांग्रेस की प्रस्तावित रैली से व्यापारी वर्ग काफी नाराज है। रैली से व्यापारियों को लगभग दस करोड़ रुपशे का नुकसान होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिल्ली व्यापारियों के मुख्य संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को पत्र लिख कर इस रैली को टालने या स्थान बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नेता प्रतिपक्ष ने स्थान बदलने में रुचि नही दिखाई। कृष्ण रोहिल्ला ने कहा कि दीपावली और भाई दूज का समय दिल्ली के व्यापारियों के लिए साल का सबसे बड़ा व्यावसायिक सीजन होता है। इस पीक टाइम में रामलीला मैदान में इतनी बड़ी रैली से दिल्ली के व्यापार को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पुरानी और मध्य दिल्ली के लगभग 21 बड़े बाजार बाजार हैं। जिनका व्यापार प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि रैली में भीड़ को लाने के लिए काफी वाहन भी पहुंचेंगे। जिसके चलते न केवल यातायात व्यवस्था बिगड़ेगी बल्कि जाम भी बनेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को डर है कि 31 अक्टूबर से ही दिल्ली पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग और रास्ते बंद किए जा सकते हैं, जिससे दिल्ली एनसीआर और पड़ोसी राज्यों से आने वाले ग्राहक बाजारों तक नहीं पहुंच पाएंगे।

1 नवंबर को दिल्ली में होगी 'वोट बचाओ, देश बचाओ रैली' : सुनील

राजौंद। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुनील कुंडू ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ रैली' ऐतिहासिक रैली होगी। इसमें लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। राजौंद ब्लॉक से भी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। रैली की तैयारियों को लेकर सुनील कुंडू ने गांव किठाना में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और राजौंद क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचेंगे।

न्यूज डायरी



एसडीएम ने चीका अनाज मंडी का किया दौरा

गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने बुधवार को चीका अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद कार्य का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने मंडियों में मौजूद किसानों, आढतियो तथा खरीद एजेंसियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से धान खरीद कार्य को निरंतर सुचारू रखने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारी खरीद केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाओ को सुचारू रखे। उन्होंने कहा कि सीजन के दौरान किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसको जल्द पूरा करे। उन्होंने बताया कि गत 27 अक्टूबर तक विभिन्न मंडियों में 22 लाख 43 हजार 287 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है, जबकि 16 लाख क्विंटल धान का उठान किया जा चुका है।

थाना सदर क्षेत्र से 500 ग्राम चरस सहित आरोपी काबू



कैथल। जिला कैथल में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एन्टी एक्सटोर्शन सेल द्वारा थाना सदर क्षेत्र से एक आरोपी को 500 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एन्टी एक्सटोर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम की अगुवाई में एएसआई मंजीत सिंह की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गांव टीक रेलवे पुल के पास मौजूद थी। इस दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि गांव मटौर हाल जनकपुरी कालोनी कैथल निवासी विशाल चरस बेचने का काम करता है, जो अभी बस अड्डा टीक के पास खड़ा है। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर दबिश दी गई। जहाँ एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान गांव मटौर हाल जनकपुरी कैथल निवासी विशाल के रूप में हुई।



नशा तस्करी में संलिप्त आरोपित को पुलिस किया डिटेन

जींद। जिला पुलिस ने नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चमेला कालोनी निवासी प्रदीप उर्फ दीप्पड डिटेन करवाया है। नरवाना के डीएसपी कमलदीप राणा ने बताया कि हरियाणा के गृह सचिव, गृह द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में आरोपी प्रदीप उर्फ दीप्पड नरवाना को जिला जेल मे डिटेन करवाया गया है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करी जैसी गंभीर गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जींद पुलिस प्रतिबद्ध है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व भी चार नशा तस्करों को पीआईटी एनडीपीएस 1988 के तहत डिटेन करवाया जा चुका है।



ट्रैफिक पुलिस ने शहर से हटवाया अतिक्रमण

कैथल। कैथल शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के दिशा निर्देश तहत चलाई जा रही मुहिम के तहत ट्रैफिक पुलिस व नगर परिषद की टीम द्वारा सड़क पर सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर शहर में सुगम व सुरक्षित तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए थाना प्रबंधक यातायात इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस तथा कैथल नगर परिषद की टीम द्वारा संयुक्त अभियान तहत छात्रावास रोड़, रेलवे गेट, भगत सिंह चौक, कबुतर चौक, सब्जी मंडी, नरवानियां बिल्डिंग, चंदाना गेट के पास दुकानदारों व रेहड़ी वालों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान नगर परिषद टीम ने करीब 30 दुकानो के बाहर रखे सामान को भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाया गया तथा उन्हें बताया गया कि दोबारा भी दुकान के सामने सड़क पर सामान रखने पर उनका सामान जब्त किया जाएगा।



डा. अनिल भारती को सम्मानित करते पदाधिकारी

रंगोत्सव में डा. अनिल भारती ने हरियाणवी लोक गायन में हासिल किया प्रथम स्थान

कैथल। करनाल में 27 और 28 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय रंगोत्सव में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैथल में तबला अनुदेशक के पद पर कार्यरत डॉ. अनिल भारती ने हरियाणवी लोक गायन में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस रंगोत्सव में प्रदेश के 22 अध्यापकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में डॉ. अनिल भारती की उपलब्धि से शिक्षा और सांस्कृतिक जगत में खुशी का माहौल है। डॉ. अनिल भारती इससे पहले भी राज्य स्तर पर हरियाणवी लोक गायन में तीन बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इसके साथ ही वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास, संगीत के प्रति समर्पण और हरियाणवी लोक संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाती है। डॉ. अनिल भारती पिछले करीब 20 वर्षों से कलाकार के रूप में हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत हैं। वे लोकगीतों और पारंपरिक संगीत के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

खेल-खेल में सीखेंगे विद्यार्थी, नई शिक्षण विधियों में पारंगत होंगे शिक्षक

- निपुण मिशन के छह दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रशिक्षण का अवलोकन करते हुए राजेश वशिष्ठ।

प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से निपुण मिशन के तहत चल रहे छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला एफएलएन समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने नरवाना के दो बैच का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण की गतिविधियों की जानकारी ली। दूसरे दिन हिंदी विषय के शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने शिक्षकों को भाषा शिक्षण से जुड़ी विधियों और गतिविधियों की जानकारी दी। दोनों बैच में शिक्षक पूरी रुचि के साथ प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि विभाग का मु य उद्देश्य सभी प्राथमिक शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप नवीन शिक्षण विधियों में पारंगत बनाना है। शिक्षक इन विधियों को समझकर कक्षा में अपनाएंगे तो बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया अधिक सहज और रुचिकर बनेगी। प्रशिक्षण में बालवाटिका, हिंदी, गणित, अंग्रेजी तथा सामाजिक गतिविधियों से जुड़े पहलुओं को शामिल किया गया है। प्रयास है कि बच्चों को खेल-खेल में सिखाया जाए और वे पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी करें।

जाट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में ई-कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के तत्वावधान में 'ई-कचरा प्रबंधन' विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का सफल संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जसवंत सिंह एवं पूनम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रा रितिका ने ई-कचरा प्रबंधन के महत्व और पर्यावरण पर इसके प्रभावों पर एक प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात छात्रा तन्वी कैंदल ने प्रश्नोत्तरी सत्र का संचालन करते हुए विद्यार्थियों के समक्ष ई-कचरा प्रबंधन से जुड़े प्रश्न रखे, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने 'ई-वेस्ट मॉनिटरिंग 2020' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि दुनिया में हर साल लगभग 5.36 करोड़ टन ई-कचरा पैदा होता है, जिसका उचित वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाना बेहद आवश्यक है। यह आज हमारे सामने एक गंभीर चुनौती के रूप में खड़ा है। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि अनुचित तरीके से फेंके गए ई-कचरे से जहरीली गैसें निकलती हैं जो पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनती हैं।

राजकीय कॉलेज में 41 फुट लंबी और 30 फुट चौड़ी सांझी बनाई



जींद। महाविद्यालय परिसर में बनाई गई सांझी। फोटो : हरिभूमि

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में हरियाणवी लोक हस्त कला सांझी का निर्माण किया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह अबतक विश्व की सबसे बड़ी सांझी बनी है। यह सांझी लगभग 41 फुट लंबी और 30 फुट चौड़ी है, जोकि अब तक की सबसे बड़ी सांझी हैं। संभवतः इंडियन रिकार्ड में विश्व की सबसे बड़ी सांझी का दर्जा इस सांझी को दिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि सांझी कला हरियाणा की लोक हस्त कला की श्रेणी मे सबसे ऊपर आती है। जिसका संबंध प्राचीन हरियाणवी सांस्कृतिक परिवेश से है। हमें गर्व है हमारे कालेज के पुर्व छात्र गौतम सत्यराज ने महाविद्यालय परिसर मे विशाल सांझी का निर्माण कर संस्कृति को सुरक्षित रखने का संदेश दिया है।



जींद। नरवाना रोड पर उतरा डेरा मुखी हजूर जसदीप सिंह गिल का हेलीकॉप्टर।

राधा स्वामी सत्संग घर पहुंचे हजूर जसदीप सिंह गिल

जींद नरवाना रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग घर में बुधवार को डेरा मुखी हजूर जसदीप सिंह गिल पहुंचे। उन्होंने संगत को सत्संग के माध्यम से जीवन की वास्तविकता, निस्वार्थ सेवा और परमात्मा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। सत्संग के बाद उन्होंने संगत के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हजूर जसदीप सिंह गिल सुबह करीब पौने दस बजे हेलीकॉप्टर से सत्संग घर पहुंचे। यहां उन्होंने संगत को प्रवचन दिए। करीब एक घंटे बाद वह जयपुर के लिए रवाना हो गए। अपने प्रवचनों में हजूर जसदीप सिंह गिल ने कहा कि मनुष्य को अपनी इच्छाएं सीमित रखनी चाहिए। यह शरीर नश्वर है और एक दिन नष्ट हो जाएगा। दुनिया से जाते समय मनुष्य के साथ कुछ भी नहीं जाता। ऐसे में जीवन में निस्वार्थ सेवाए सद्गुरु के प्रति अटूट विश्वास और परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव रखना चाहिए। सत्संग के दौरान एक महिला ने पूछा कि उसके ससुराल में सभी लोग सत्संगी हैं, जबकि मायके में कोई भी सत्संगी नहीं है। उसे किस प्रकार चलना चाहिए। इस पर उन्होंने कर्मों का महत्व बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति के कर्म उसके अपने होते हैं।

महिला के खाते से 105259 रुपये उड़ाए

कैथल। साइबर ठगों ने शहर के माता गेट की एक महिला के एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और बैंक खाते से 1 लाख 5 हजार 259 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। आरोप है कि 22 और 23 अक्टूबर की रात क्रेडिट कार्ड से कई ट्रांजेक्शन किए गए, जबकि बैंक खाते से भी 5 हजार रुपए कट गए। मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आने के बाद महिला को इसका पता चला। शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में माता गेट निवासी दर्शना रानी ने बताया कि क्रेडिट कार्ड से 19 हजार 999, 16 हजार 10, 10 हजार 500, 14 हजार 500, 10 हजार, 13 हजार 100 और 28 हजार रुपए के ट्रांजेक्शन हुए। 50 हजार रुपए का एक ट्रांजेक्शन असफल रहा। इसके बाद उन्होंने बैंक जाकर कार्ड और खाता बंद करवाया तथा 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

सांस्कृतिक त्रिवेणी के साथ हुआ आत्मनिर्भरता का शंखनाद

स्वदेशी मेले में हुनरमंदों को मिला बड़ा मंच

नौकरी मांगने वाले की जगह नौकरी देने वाला बनाने पर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



मेले को संबोधित करते हुए सतीश।

आओ मिलकर स्वदेशी अपनाएं, समृद्ध भारत बनाएं के महासंकल्प के साथ विद्यापीठ मार्ग स्थित एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित छह दिवसीय भव्य स्वदेशी मेले में भीड़ उमड़ी। 24 से 29 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में हरियाणा, पंजाब और राजस्थान की अद्भुत सांस्कृतिक त्रिवेणी और पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर स्वदेशी जागरण मंच राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार, विशिष्ट अतिथि आयुष विश्वविद्यालय के डा. कुलपति करतार धीमान, सीआरएसयू की रजिस्ट्रार डा. सीमा सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। स्वरोजगार क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उपस्थित गणमान्य हस्तियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय कारीगरों व महिला उद्यमियों का हौसला बढ़ाया।

मुख्यअतिथि सतीश कुमार ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं की खरीद बिक्री तक सीमित नही है, यह देश के आत्मसम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता का आंदोलन है। जब हम किसी स्थानीय कारीगर की बनाई वस्तु खरीदते हैं तो सीधे तौर पर भारत के ग्रामीण परिवेश को सशक्त करते हैं। हरियाणा सरकार कौशल विकास और स्वरोजगार के माध्यम से युवाओं को नौकरी मांगने वाले की जगह नौकरी देने वाला बनाने के विजन पर काम कर रही है। जब हम अपने देश के कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को अपनाते हैं तो सिर्फ सामान नहीं खरीदते बल्कि भारत के सुनहरे भविष्य और आर्थिक समृद्धि का निर्माण करते हैं। लोकल के लिए वोकल बनना ही देशसेवा का सबसे सशक्त माध्यम है।

मौके पर ये रहे मौजूद

इस मेले के माध्यम से हम अपनी नई पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से बचाकर अपनी जड़ों की ओर लौटने की प्रेरणा दे रहे हैं। मेले में हस्तशिल्प, खादी, हस्तनिर्मित मिट्टी के कलात्मक बर्तन, पारंपरिक कपड़े और जैविक व्यंजनों की स्टॉलें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस मौके पर मनजीत ईगराह, डा. राजेन्द्र गुप्ता, दीपमाला, श्रुति, जयेश, संदीप गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दंपति सहित तीन घायल

कैथल। सीवन के गांव फिरोजपुर में पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसा 18 अक्टूबर को हुआ था। पुलिस ने घायल सतबीर की शिकायत पर खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव फिरोजपुर निवासी सतबीर ने बताया कि वह 18 अक्टूबर को अपनी पत्नी सोनिया और शोयब के साथ बाइक पर सीवन से गांव लौट रहा था। जब वे गांव में पूर्व सरपंच रमेश के खेत के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो सतपाल उर्फ सता खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली निकाल रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर बाइक से हो गई।